an>

Title: Need to set up a power station in Lalganj Parliamentary Constituency.

श्रीमती नीलम सोनकर (लालगंज) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। मैं आपके माध्यम से अपने क्षेत्र, लालगंज, के बारे में बोलना चाहती हूं। लालगंज, जो आज़मगढ़ जिले के अंतर्गत आता है, यहां की 50औ आबादी आज भी अंधेरे में ढिबरी के सहारे गुज़ारा करती है। आज मानव जीवन पूर्णतः यांत्रिक बन चुका है और ऊर्जा जीवन बन चुकी है। ऐसी स्थिति में ऊर्जा के अभाव में मानव जीवन पंगु-सा बन गया है। ढिबरी वाला जीवन निश्चित ही हम सभी को शर्मसार करता है।

मैं सदन के माध्यम से माननीय विद्युत मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि लालगंज में पावर स्टेशन स्थापित किया जाए।